लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 6, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 06 MIDDLE

## विद्यार्थियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित शोक सभा में प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ.एमएस बुटोला ने हादसे को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि हादसे का शिकार विमान में सवार यात्री तो हुए ही, साथ ही बीजी मेडिकल कॉलेज के दो दर्जन से ज्यादा विद्यार्थी भी विमान की चपेट में आकर जान गंवा बैठे। एसआरएमएस गुड लाइफ की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डीन पीजी डॉ.रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ.बिंदु गर्ग, डीएसडब्ल्यू डॉ.क्रांति कुमार आदि मौजूद रहे।